प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 24.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने बीते एक दशक में पंचायतों को मजबूत करने के लिए विशेष प्रयास किये हैं उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को तकनीकी रूप से समृद्ध किया गया हैं श्री मोदी ने आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बिहार के मधुबनी से देशभर की पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम सभाओं को संबोधित कियां उन्होंने कहा कि पंचायतों को पर्याप्त राशि मिलें ये केन्द्र सरकार की प्राथमिकता रही हैं

.....

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने ग्रामीण विकास, आवास और शहरी मामले, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली, रेलवे और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से जुड़ी कई बुनियादी ढांचा और कल्याण परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया तथा आधारशिला रखीं लगभग 13 हजार 500 करोड़ रुपये की इन परियोजनाओं में एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, विद्युतीकरण परियोजनाएं, आवास योजनाएं, रेलवे बुनियादी ढांचा और सड़क विकास शामिल हैं कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण और शहरी आवास योजना और दीनदयाल अंत्योदय योजना तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वित्तीय सहायता भी दी गईं कार्यक्रम की शुरूआत में दो मिनिट का मौन रखकर पहलगाम हमले में दिवंगत लोगों को श्रद्धाजंलि दी गईं

00000

प्रधानमंत्री आज ही मुंबई के बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र में सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय इस्पात कार्यक्रम 'इंडिया स्टील–2025' का उद्घाटन करेंगें प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करेंगें तीन दिन की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन में वैश्विक इस्पात मूल्य श्रृंखला के प्रमुख हितधारक, स्टील क्षेत्र के भविष्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगें सम्मेलन में मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और राज्यों की भागीदारी होगीं

00000

केन्द्र सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर आज दिल्ली में एक सर्वदलीय बैठक बुलायी हैं सूत्रों के अनुसार यह बैठक संसद भवन परिसर में

शाम छह बजे होगीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को हमले के बारे में जानकारी देंगें इसके अलावा वह इस घटना के बाद पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए कदमों के बारे में भी उन्हें जानकारी उपलब्ध करायेंगें इस बीच पहलगाम हमले के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी की ओर से भी कार्यसमिति की बैठक की जा रही हैं इसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता भाग ले रहे हैं

00000

पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवान वाले नीरज उधवानी का आज जयपुर में अंतिम संस्कार किया गयां झालाना स्थित मोक्ष धाम में बड़े भाई किशोर उधवानी ने उन्हें मुखाग्नि दीं राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित राज्य सरकार के विभिन्न मंत्री नीरज उधवानी को श्रद्धाजंलि देने उनके मालवीय नगर स्थित आवास पर पहुंचें मुख्यमंत्री ने नीरज की माता से मिलकर उन्हें ढांढस बंधायां इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कांग्रेस के विभिन्न नेताओं ने भी नीरज को श्रद्धाजंलि दीं

00000

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस आज सुबह जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक विशेष विमान से वाशिंगटन के लिए रवाना हुएं श्री वेंस अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ 21 अप्रेल की रात को दिल्ली से जयपुर पहुंचे थें उन्होंने अपने प्रवास के दौरान आमेर किले का भ्रमण कियां इसके बाद राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में भारत–अमेरिका व्यापार संबंधों पर आधारित समिट को संबोधित कियां श्री वैंस ने कल आगरा का ताजमहल देखा और वे दोपहर में जयपुर लौट आए थें

0000

प्रदेश में विभिन्न जिलों में अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा हैं 21 अप्रेल से शुरू हुए इस सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को आगजनी की घटनाओं की रोकथाम करने और इनसे बचाव के उपाय बताये जा रहे हैं इसी कडी में झुंझुनूं के राजकीय बीडीके अस्पताल में आज फायर मॉकड्रिल की गईं

0000